HOME SCIENCE (Theory)

गृह-विज्ञान (सिद्धान्त)

(321)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 80

Note : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has two options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

(iv) Draw neat, clean and labelled diagrams wherever necessary.

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) जहाँ भी आवश्यक हो, साफ, स्वच्छ तथा लेबल के साथ चित्र बनाएँ।

SECTION–A

खण्ड–अ

1. Why are copper-bottom pans considered good for cooking? 1

ताँबे के तले वाले बर्तन पकाने के लिए क्यों अच्छे माने जाते हैं?

2. The weight of a newborn child is 3 kg. What will be his/her weight at the age of 1 year? 1

एक नवजात शिशु का वजन 3 कि० ग्रा० है। एक साल की आयु में उसका वजन कितना होगा?

3. State *two* advantages of adopting work ethics at the workplace. 1

कार्यस्थल में कार्य-नीतियों को अपनाने के **दो** लाभ लिखिए।

4. List any *two* indicators of a mentally healthy person. 1

एक मानसिक स्वस्थ व्यक्ति के कोई **दो** संकेतक लिखिए।

5. In what *four* ways can you use the skills learnt in Home Science in your daily life? 2

गृह-विज्ञान शिक्षण द्वारा प्राप्त कौशल का प्रयोग आप अपनी दैनिक जिन्दगी में किन **चार** तरह से कर सकते हैं?

6. What precautions will you observe when applying blue to a garment? 2

वस्त्रों में नील के प्रयोग के दौरान आप कौन-सी सावधानियाँ बरतेंगी?

7. Differentiate between needs and desires with an example. 2

एक उदाहरण द्वारा आवश्यकताओं और इच्छाओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

8. Present the points, to be kept in mind, while selecting clothes for an infant. 2

एक शिशु के लिए कपड़ों का चुनाव करते समय, कौन-सी बातों का ध्यान रखना चाहिए?

9. Name *two* chemicals used to preserve food, and also mention their roles. 2

खाद्य पदार्थों को परिरक्षित करने के लिए **दो** रसायनों के नाम लिखिए, और उनके कार्य भी बताइए।

10. Suggest *two* ways of helping socioeconomically disadvantaged children. 2

सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों की सहायता करने के **दो** सुझाव दीजिए।

11. When water is not available, how will you remove an oil stain? 2

जब पानी उपलब्ध न हो, तो आप तेल का धब्बा कैसे छुड़ाएँगे?

12. List any *four* precautions to be taken to prevent the loss of nutrients during preparation of vegetables. 4

सब्जियों को पकाने के दौरान, उनकी पोषक तत्त्वों की क्षति के बचाव के लिए कोई **चार** सावधानियाँ लिखिए।

13. Give *eight* tips to a busy mother to simplify her work at home. 4

एक व्यस्त माँ को उसके घर का काम सरल बनाने के लिए **आठ** सुझाव दीजिए।

14. Briefly explain the *four* ways in which the peer group can influence the social development of a child of 8 years. 4

एक आठ साल के बच्चे में हो रहे सामाजिक विकास में हमजोलियों के **चार** योगदानों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए।

15. Mention any *four* differences between a soap and a syndet. 4

साबुन और सिन्डेट में कोई **चार** अंतर बताइए।

16. Define balanced diet. What are the requirements of a balanced diet? 4

संतुलित आहार की परिभाषा लिखिए। एक संतुलित आहार की क्या ज़रूरतें हैं?

17. How does the consumer movement help the consumer? 4

उपभोक्ता आन्दोलन, एक उपभोक्ता की कैसे सहायता कर सकता है?

18. State any *eight* features of cognitive development seen in a child of 4 years. 4

एक चार साल के बच्चे में ज्ञानात्मक विकास की प्रक्रिया के कोई **आठ** लक्षण बताइए।

19. Briefly describe any *four* techniques of fabric construction. Give *one* example for each technique. 4

वस्त्र-निर्माण के किन्हीं **चार** तकनीकियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। हर एक का **एक** उदाहरण दीजिए।

20. Explain the common problems of adolescents that parents should be alert to identify them. 6

माता-पिता को किशोरों की कौन-सी सामान्य समस्याओं के बारे में जानकारी होनी चाहिए? व्याख्या कीजिए।

21. What are the advantages of using nonconventional sources of energy? 6

ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोतों को उपयोग करने के क्या फायदे हैं?

22. Give *five* reasons for including vitamin C in the diet. Name a fruit and a vegetable that you would include. 6

विटामिन C को आहार में समावेश करने के **पाँच** कारण बताइए। समावेश करने वाले एक फल और एक सब्जी के नाम बताइए।

SECTION–B

खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

(Housekeeping)

(गृह-व्यवस्था)

23. List *two* duties of a control-desk supervisor. 2

एक कंट्रोल-डेस्क सुपरवाइजर के **दो** कर्तव्य बताइए।

24. How will you remove *(a)* grease stain from glass, and *(b)* stubborn stains from plastic? 2

(क) काँच से चिकनाई के धब्बे, एवं (ख) प्लास्टिक से ज़िद्दी दाग आप कैसे छुड़ाएँगे?

25. What are the principles to be followed in making a good flower arrangement? 4

एक सुन्दर पुष्प सज्जा बनाने के लिए किन सिद्धान्तों का पालन करना चाहिए?

26. What are the activities will you undertake in the weekly cleaning of your house? 4

अपने घर की साप्ताहिक सफाई करने के लिए आप कौन-कौन सी गतिविधियाँ अपनाएँगे?

OPTION–II

विकल्प–II

(Creative Hand-embroidery)

(कलात्मक हस्त-कशीदाकारी)

23. What is an analogous colour scheme? Give *two* examples. 2

समीपवर्ती रंग योजना क्या है? **दो** उदाहरण दीजिए।

24. Describe the method of tracing a design with a carbon paper. 2

एक कार्बन पेपर का प्रयोग करके डिज़ाइन छापने की विधि का वर्णन कीजिए।

25. Guide your friend in making a stem stitch and a chain stitch in a design. 4

अपने मित्र को डिज़ाइन में स्टेम स्टिच और चेन स्टिच बनाने का तरीका समझाइए।

26. Briefly describe any *four* factors which influence the use of colours in our daily lives. 4

दैनिक जीवन में रंगों के प्रयोग को प्रभावित करने वाले किन्हीं **चार** कारकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

★ ★ ★